






## एक नजर में

### वरिष्ठ पत्रकार शिव शर्मा के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक व्याप्त



**अदंड, निप्र।** भीकनगाव के वरिष्ठ पत्रकार शिव शर्मा के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शौक व्याप्त है। समाजिक एवं धार्मिक कार्यो मे अग्रणी रहने वाले शिव बाबा के कार्यो को भुलाया नहीं जा सकेगा। स्वर्गीय शिव बाबा के निधन पर श्रमजीवी पत्रकार संघ तहसील अध्यक्ष राकेश जोशी, गोगावा तहसील पत्रकार संघ अध्यक्ष संजय गुप्ता, श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला उपाध्यक्ष राजेश नायर, पत्रकार पवन बर्वे, पत्रकार संजय जायसवाल, पत्रकार दिलीप जोशी अदंड, पत्रकार अजय दशोंदी गोगावा, पत्रकार राकेश नायर, पत्रकार प्रेमलाल पंचोली अहीरखेड़ा एवं कई पत्रकारो ने शौक व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी है।

### द्वय आचार्यो का हुआ मंगल प्रवेश

**सनावद, निप्र।** संयम तप साधना के लिए जाने वाले अनेक साधुओं की नगरी सनावद में द्वय आचार्यो का मंगल प्रवेश हुआ। सन्मति जैन काका ने बताया की अनेक संतो की नगरी में साधु परमेष्टि का आना जाना निरंतर जारी है इसी क्रम में द्वय आचार्य प पूज्य आचार्य श्री कुमुद नंदी महाराज एवं प पूज्य आचार्य विप्रणत सागर जी महाराज का मंगल प्रवेश बेड़ियां की ओर से हुआ। नगर में विराजमान आर्यिका आगम मति माताजी के साथ सभी समाजजनों ने चौधरी फ्यूल्स खरगौन रोड पर पधार कर आचार्य महाराज जी की आगवानी की। आचार्य महाराज ने नगरों के जिन मंदिरों के दर्शन कर श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर पहुंचे जहां आचार्य श्री विप्रणत सागर जी महाराज ने श्री जी का पंचामृत अभिषेक एवं मंगल शांतिधारा संपन करवाई। तत्पश्चात आचार्य श्री ने मंदिर के हॉल आचार्य श्री की मंगल देशना संपन्न हुई सभा का शुभारंभ संगीता पाटोदी मंगलाचरण से हुई तत्पश्चात आचार्य श्री ने अपनी देशना में कहा की कला जिसके अंतरंग में जाग जाया करती है वह संसार के विषय सुखों से परामूर्त हुवा करता है। जब तक ज्ञान नहीं हे जब तक प्रचंड मोहका साम्राज्य हुवा करता हे ओर जब ज्ञान हों जाया करता हे तो मोह का सूर्य अस्ताचल की और चला जाया करता है। इसी क्रम आज की आचार्य विप्रणत सागर जी महाराज को आहारदान देने का सोभाग्य सावित्री बाई कैलाशचंद जटाले परिवार को प्राप्त हुआ। शाम को आचार्य श्री के द्वारा तत्व चर्चा धर्मिक क्लास एवं आरती भक्ति सभी समाजनों की उपस्थिति में हुवे इस अवसर पर सभी समाजजन उपस्थित थे।



### तहसील न्यायालय कसरावद में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित

**कसरावद, निप्र।** तहसील न्यायालय कसरावद में आज वर्ष 2026 की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति एवं सिविल जज सीनियर डिवीजन श्रीमती मीता पवार जंदेल तथा न्यायाधीश इतीशा संघवी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य न्यायालय में लंबित प्रकरणों का त्वरित, सरल एवं नि:शुल्क रूप से सुलह - समझौते के माध्यम से निराकरण करना है। इसी उद्देश्य के तहत कसरावद तहसील न्यायालय में दो खंडपीठों का गठन किया गया, जिनके माध्यम से 50 से अधिक प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। इन प्रकरणों के निपटारे से शासन को लाखों रुपये का राजस्व भी प्राप्त हुआ। इस अवसर पर सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी हरेसिंह पाडंर, अजय राठौड़ (सहायक ग्रेड-3), पैरालीगल वॉलिंटियर एवं खंडपीठ सदस्य आकिल खान, और सुधीर श्रॉफ, देवदत्त एक्कल, डॉ. सुदर्शन गोखले, जगदीश वर्मा, विजय केवट, बार एसोसिएशन अध्यक्ष नवीन कुमार जोशी, उपाध्यक्ष बृजेश कुमार व्यास तथा अधिवक्ता सचिन बाथम सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में न्यायालय स्टाफ, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में पक्षकार भी मौजूद रहे। लोक अदालत के माध्यम से मामलों का त्वरित समाधान होने से पक्षकारों के समय और धन दोनों की बचत हुई तथा न्याय व्यवस्था के प्रति लोगों का विश्वास और अधिक मजबूत हुआ।





### रणजीत हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार के उपरांत मंगल प्रवेश के निमित्त पूजन का कार्यक्रम प्रारंभ

**महेश्वर, निप्र।** नगर के श्री रणजीत हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार के उपरांत मंगल प्रवेश के निमित्त शुक्रवार से पूजन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। मंदिर के जीर्णोद्धार के दौरान हुई अशुद्धि निवारण के लिए मा नर्मदा संस्कृत पाठशाला के प्राचार्य पं दिलीप सोहनी के मार्गदर्शन में विद्वान ब्राह्मणों में पण्डित के के डोंगरे, पण्डित गोविन्द चतुर्वेदी, पण्डित त्रिभुवन शुक्ला के द्वारा वास्तु पूजन करवाया गया। जिसके यजमान के रूप में नप अध्यक्ष अलका गजराज यादव, समाजसेवी गजराज यादव एवं पार्षद विक्रम यादव, मोनिका यादव, ओम राठौड़ संतोष सोलंकी अभिषेक तिवारी के साथ अनुष्ठान कर पुजन किया। शनिवार को पूर्णाहुति के दौरान वास्तु पूजन एवं शुद्धि के उपरांत मंदिर में शिव परिवार के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके अलावा हवन पूजन कार्यक्रम करने के साथ शनिवार दोपहर में श्री रणजीत हनुमान मंदिर परिसर में पूर्णाहुति संपन्न हुई इस अवसर पर 11 किलो मिष्ठान का प्रसाद वितरण किया गया। इसी के साथ नगर में मंगल प्रवेश के कार्यक्रम को लेकर बैठकों का दौर जारी है। शुक्रवार रात्रि में राजपूत समाज माली समाज के अलावा वार्ड क्रमांक 4 में बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी समाजों से कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आह्वाहन किया। कार्यक्रम संयोजक गजराज यादव के द्वारा सभी को परिवार सहित आयोजन में सम्मिलित होने ओर एक साथ नगर भोज भंडारे में भोजन करने का भी आग्रह किया। इन बैठकों में पण्डित रोहित जोशी, राज यादव, नरेंद्र श्रीवास्तव, मधुसूदन चौरे, विक्रम यादव आदि ने भी संबोधित किया। इसके अलावा श्री रणजीत हनुमान मंदिर कार्यक्रम को लेकर विभिन्न प्रकार की समितियां भी गठित की जा रही है।



### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ूद में एच पी वी टिकाकरण शिविर आयोजित किया गया

**सनावद, निप्र।** शासकीय अस्पताल में 14 वर्ष से 15 वर्ष तीन माह तक की किशोरी बालिकाओं को केंसर की रोकथाम हेतु विशेष टिकाकरण अभियान चलाया गया, उपस्थित डाक्टर रोहित करोले ने टीके से होने वाले फायदे एवं रोकथाम की जानकारी दी गई। अभियान के दोरान 42 किशोरी बालिकाओं को टीका लगाया गया, इस अवसर पर संस्था प्रभारी डाक्टर निकिता पटेल, सुपर वाइजर ए.एस.चोहान, नवनीत सेन, अनिल पटेल, राजकुमारी मरावी, रामकृष्ण नांदिया, राहूल मोये, पिंकी सावनेर, भारती टीकेकर, वंदना कंगाले, नम्रता शर्मा, फेजल खान सहित,, ग्राम पंचायत सरपंच लक्ष्मण भायडिया उपस्थित रहे।

# जेआईटी बोरावां में 2 दिवसीय 'साइंस ओलम्पियाड' का आयोजन

## इंजीनियरिंग शिक्षा ने निमाड़ के विद्यार्थियों को दी सपनों की उड़ान : अरूण यादव

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बोरावां विगत 29 वर्षों से खरगोन जिले सहित पूरे निमाड़ क्षेत्र के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट तकनीकी शिक्षा प्रदान कर रहा है। यह निमाड़ का पहला तथा मध्यप्रदेश का एक प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थान है, जिसने क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों को अपने सपनों को साकार करने का अवसर प्रदान किया है। यह बात संस्था अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री श्री अरुण यादव ने जे.आई.टी. साइंस ओलम्पियाड 2026 के अवसर पर विद्यार्थियों को दिए गए अपने संदेश में कही। उन्होंने बताया कि संस्थान ने अब तक देश को 10 हजार से अधिक इंजीनियर प्रदान किए हैं, जो आज देश-विदेश के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा से न केवल संस्थान बल्कि निमाड़ क्षेत्र का नाम भी गौरवान्वित कर रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री स्वर्गीय श्री सुभाष यादव जी ने निमाड़ के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने का जो सपना देखा था, आज वह साकार होता दिखाई दे रहा है। आज किसानों और गरीब मजदूरों की संताने भी तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर देश और विदेश में अपनी पहचान बना रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आईटी, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कुशल और दक्ष प्रोफेशनल्स की देश-विदेश में निरंतर मांग बढ़ रही है। ऐसे में इंजीनियरिंग शिक्षा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए नए अवसरों के द्वार खोल रही है। अंत में श्री यादव ने जे.आई.टी. साइंस ओलम्पियाड 2026 में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।





**देश के नवनिर्माण में भावी इंजीनियर्स का योगदान - डॉ. अतुल उपाध्याय:-** साईन्स ओलम्पियाड के अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ. अतुल उपाध्याय द्वारा विद्यार्थियों को कॅरियर मार्गदर्शन के संबंध में विडियो प्रेजेन्टेशन एवं सेमीनार के माध्यम से जानकारियॉ प्रदान की गई एवं उनकी जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। साईन्स ओलम्पियाड के अवसर पर संस्था द्वारा विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग में कॅरियर की संभावनाओं पर मार्गदर्शन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की विस्तृत रूपरेखा एवं जानकारी प्रदान की गई। उन्होनें विद्यार्थियों से अपने संबोधन में कहा कि आज तकनीकी एवं इंजीनियरिंग के माध्यम से देश के निर्माण की कल्पना को साकार किया जा रहा है इसमें भावी इंजीनियर्स का योगदान महत्वपूर्ण होगा।

### साईन्स ओलम्पियाड के विजेता विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

दिनांक 14 मार्च को आयोजित साईन्स ओलम्पिड में विजेता दिव्यांश महाजन ने पाया प्रथम स्थान, संस्था प्राचार्य डॉ. अतुल उपाध्याय, डीन डॉ. सुनील सुगंधी, डॉ. संतोष पॅवार, डॉ. संजय चौहान, डॉ. भावना सोनी, डॉ. मनीष देशमुख ने साईन्स ओलम्पियाड प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। उन्होनें विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं का महत्व बताते हुए कड़ी मेहनत करने का आव्हान किया। शनिवार 14 मार्च को आयोजित परीक्षा में प्रथम स्थान पर श्री वैष्णव विद्या मंदिर खरगोन के दिव्यांश महाजन को प्रथम पुरस्कार के रूप में राशि रू 11,000/- का चैक दिया गया। वहीं आदित्य विद्या विहार खरगोन के उज्जवल पाटीदार ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर राशि रू 5100/- एवं कार्तिक सोलंकी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर राशि रू 2100/- का चैक प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार वेदांत खोड़े, युशरा शेख, दामिनी मण्डलोई, शिवानी तोमर, सुमित वास्कले, देवेन्द्र कानापुरे, रानी कानापुरे, खुशी गुप्ता, हंशुता चौहान, प्रियांशी पटेल, प्राची सूर्यवंशी, जय पाटीदार, गणेश पटेल, हेमांक मुजाल्दे, रितुराज गुप्ता, योगिता बैरागी, वेद कुशवाह उर्वशी चौहान, वैष्णवी यादव उर्शिका चौहान सहित 20 विद्यार्थियों ने प्राप्त किया। रविवार 15 मार्च को भी विभिन्न जिलों से साईन्स ओलम्पियाड में सम्मिलित होने विद्यार्थी पहुँचेंगे।

## लायंस क्लब सनावद स्नेह को सेवा गतिविधियों के लिए सर्वाधिक 11 अवार्ड हासिल किए

**सनावद, निप्र।** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-1, रीजन- 11, झोन-1 की खंडवा में आयोजित रीजन कॉन्फ्रेंस में लायंस क्लब सनावद स्नेह ने अपनी सेवा गतिविधियों एवं बुलंदियों का परचम फहरा दिया और सर्वोत्कृष्ट सेवा गतिविधियों के लिए सर्वाधिक 11 अवार्ड हासिल किए। कॉन्फ्रेंस के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला. अनिल खंडेलवाल थे। अध्यक्षता रीजन चेयर पर्सन ला. राजीव मालवीय ने की। अतिथियों ने लायंस क्लब की एलसीआईएफ डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ला. अनिता भागचंद जैन को लायंस क्लब के उद्देश्यों के अनुरूप सेवा कार्यों के सफल संपादन के लिए गौरवशाली श्रेय अलंकरण लायंस ऑफ द रीजन अवार्ड एवं नवीन क्लब के गठन के लिए न्यू क्लब स्पॉन्सर से सम्मानित किया। इसी प्रकार लायंस क्लब सनावद स्नेह के अध्यक्ष ला. भागचंद जैन को पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण, यात्री प्रतीक्षालय की स्थापना, नवीन क्लब के गठन और सनावद नगर के विभिन्न स्थानों पर लायंस क्लब के बोर्ड स्थापित करने की सफलतम और उत्कृष्ट सेवा गतिविधियों के लिए सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष एवं लायंस क्लब सनावद स्नेह को सर्वश्रेष्ठ क्लब एवं लियो क्लब सनावद स्नेह को श्रेष्ठ क्लब का अवार्ड प्रदान किया गया। पर्यावरण संरक्षण के लिए 56 सौ पौधों के सफल रोपण के लिए लायंस क्लब सनावद स्नेह को सर्वश्रेष्ठ सेवा गतिविधि का अवार्ड प्रदान किया गया। इसी प्रकार उत्कृष्ट सेवा गतिविधियों के लिए लायंस क्लब स्नेह सनावद के सचिव ला. विपिन गुप्ता को श्रेष्ठ सचिव एवं ला. डॉ. श्वेता पंचोलिया को श्रेष्ठ कोषाध्यक्ष, ला. रजनीश जैन और ला. हेमंत दातार को सम्मानित किया गया। कॉन्फ्रेंस में उपस्थित मूंदी, पंधाना, हरसूद, खंडवा, सनावद, बड़वाह एवं महेश्वर के लायंस क्लबों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने ला.अनिता जैन और ला. भागचंद जैन की उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त किया।



## शिव शक्ति धाम मंदिर स्थापना दिवस पर हुए धार्मिक अनुष्ठान, निकली शोभायात्रा

**खरगोन, निप्र।** शहर की यमुना कुंज कॉलोनी स्थित शिव-शक्ति धाम मंदिर का चौथा स्थापना दिवस भक्ति भाव से मनाया गया। यहां हवन- पूजन के साथ धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआ। शोभायात्रा के साथ भंडारे का आयोजन भी हुआ। कॉलोनी अध्यक्ष अतुल पंडित ने बताया कि शुक्रवार को वैदिक मंत्रोच्चार एवं परंपरा अनुसार धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए गए। मुख्य यजमान संजय शर्मा एवं उनकी धर्मपत्नि सरला शर्मा, सुपुत्र और पुत्रवधु सुबोध शर्मा एवं प्रियल शर्मा ने पूजन-अभिषेक एवं हवन किया। इसके पूर्व कॉलोनी में शोभायात्रा भी निकाली गई। जिसमें महिलाओं ने प्रभू भक्ति में लीन होकर गरबा नृत्य कर आराधना की। मंदिर में विराजित भगवान भोलेनाथ के अभिषेक और देवी आराधना के साथ प्रियल और सुबोध शर्मा की सवा साल की बेटी ओमिशा का कन्या पूजन हुआ। यज्ञ पूर्णाहुति के बाद शर्मा परिवार द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलोनी वासियों सहित नगरवासियों ने भी शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की। इस अनुष्ठान में नरेंद्र जैन, सुनीता प्रदीप गुप्ता, स्वधा अतुल पंडित, लीना सचिन मोड़क, सपना हेमंत जायसवाल, रानी गौरव जैन, श्रेया अमन जैन, कविता विजय गुप्ता, सुन्दर लाल राठौड़, विजय पाटीदार आदि का सराहनीय योगदान रहा।





### उल्लास नवभारत साक्षरता परीक्षा का आयोजन



**कसरावद, निप्र।** उल्लास नवभारत साक्षरता परीक्षा का आयोजन हुआ। जिसमें नवसाक्षरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नवसाक्षरों को प्रश्नपत्र एवं लिखने के लिए पेन की उपलब्धता कराई गई। नवसाक्षरों में संध्या गांगले, संतोषी राठौड़, साधना वर्मा, मंजू गांगले, मनु वर्मा, इत्यादि ने परीक्षा में भाग लिया। साक्षरता प्रभारी श्री अजय कर्मा बीएसी द्वारा निरीक्षण किया जाकर सभी को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी को प्रमाण पत्र देकर पुरुस्कृत किया जाएगा। इस दौरान जनशिक्षक संतोष एस्के परमानंद पाठौदे, प्रेमलाल बागदरे, प्रधानपाठक मोहन यादव, मनोरमा शाक्य, सुनीता वर्मा, प्रमिला निर्गुडे, रामचन्द्र पाटीदार, वंदना कुशवाह, आदि पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित थे।

# भावपूर्ण श्रद्धांजलि...अलविदा बाबा...

## कलम की ताक़त और बेबाक आवाज पंचतत्व में विलीन

**भीकनगाव, निप्र।** स्वर्गीय शिव शर्मा (बाबा) का जाना पत्रकारिता जगत के लिए वास्तव में एक अपूरणीय क्षति है। वे केवल एक पत्रकार नहीं, बल्कि एक संस्था थे, जिन्होंने अपनी लेखनी और सरल व्यक्तित्व से समाज पर गहरी छाप छोड़ी। विशेष रूप से क्षेत्रीय पत्रकारिता में उनका योगदान अविस्मरणीय है। गुरुवार को 67 वर्षीय शिव शर्मा (बाबा) ने इंदौर में अंतिम सांस ली। बाबा का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। मुखाग्नि बड़े बेटे चंदन शर्मा ने दी।

**पत्रकारिता के एक 'निर्मल' अध्याय का अंत:-** आज पत्रकारिता की स्याही कुछ ज्यादा ही नम है, क्योंकि शब्दों के जादूगर और मूल्यों के रक्षक शिव शर्मा (बाबा) अब हमारे बीच नहीं रहे। उनके जाने से जो खालीपन आया है, उसे भरना नामुमकिन है। (बाबा) का संबोधन उन्हें केवल उनकी उम्र के कारण नहीं, बल्कि उनके विशाल और मार्गदर्शक व्यक्तित्व के कारण मिला था। स्वर्गीय शिव शर्मा जी (बाबा) उस दौर के पत्रकार थे, जहाँ पत्रकारिता 'मिशन' हुआ करती थी। उनकी सादगी ऐसी थी कि कोई भी उनसे बेझिझक अपनी बात कह सकता था, लेकिन उनकी कलम की धार इतनी पैनी थी कि सत्ता के गलियारों में उसकी गूँज सुनाई देती थी। उन्होंने कभी भी पद या प्रतिष्ठा के लिए अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया।



**बाबा का अनुभव प्राप्त करना किसी डिग्री से कम नही...:-** वे केवल खबरें नहीं लिखते थे, बल्कि पत्रकारों की एक पूरी पीढ़ी तैयार करते थे। नए पत्रकारों के लिए वे एक 'बरगद' की छांव की तरह थे, जहाँ हर किसी को सीखने का अवसर और सुरक्षा मिलती थी। उनके पास बैठकर अनुभव के जो मोती मिलते थे, वे किसी डिग्री से कम नहीं थे। स्वर्गीय शिव शर्मा जी (बाबा) ने हमेशा जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी। उनकी रिपोर्टिंग में केवल तथ्य नहीं होते थे, बल्कि समाज का दर्द और व्यवस्था की कमियों को सुधारने का संकल्प होता था। वे एक ऐसी आवाज़ थे जो भीड़ में भी अपनी अलग पहचान रखती थी। स्वर्गीय शिव शर्मा (बाबा) का जीवन हमें सिखाता है कि पत्रकारिता केवल बोलना या लिखना नहीं है, बल्कि मर्यादा में रहकर सत्य के पक्ष में खड़े रहना है। उनकी अनुपस्थिति में पत्रकारिता जगत स्वयं को 'अनाथ' सा महसूस कर रहा है।

## बिस्टान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां का क्षमता वर्धन



**बिस्टान, निप्र।** शनिवार मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद खरगोन के विकासखंड गोगावा के सेक्टर क्रमांक बिस्टान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां का क्षमता वर्धन (प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान) प्रशिक्षण ब्लॉक समन्वयक श्री धर्मेंद्र जी गुप्ता द्वारा दिया गया। नवाकुर संस्था अध्यक्ष श्री यशवंत पाटिल द्वारा सभी समितियां को दस्तावेजीकरण के बारे में बताया गया। परामर्श दाता अखिलेश वर्मा द्वारा नवांकुर सखी योजना के बारे में बताया गया। सभी ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां को ऑनलाइन प्रक्रिया के बारे में बताया गया। इस दौरान ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष राजा सिंह चौहान, मनीष जैन, मनोज कोठारी, महेश राठौड़, अरुण यादव, जयराम सोलंकी, ललित बारे, महेश सोलंकी, प्रकाश सुरागे, वेदांत पटेल, दिलीप पाटिल आदि उपस्थित रहे।

एक नजर में

इस कार्यक्रम का आयोजन नवांकुर संस्था -कबीर लोक कल्याण समिति द्वारा सेक्टर की प्रस्फुटन समितियों के सहयोग से पंचायत भवन में किया

# परिवार संपर्क से गांव का विकास और समस्याओं का समाधान संभव हैं

नवभारत न्यूज

**भीकनगाव, निप्र।** म, प्र ,जन अभियान परिषद, वि,खंड भीकनगाव- सेक्टर क्रमांक 04 अंजनगाव में एक दिवसीय ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन नवांकुर संस्था -कबीर लोक कल्याण समिति द्वारा सेक्टर की प्रस्फुटन समितियों के सहयोग से दिनांक 14/3/2026को पंचायत भवन में किया गया। जिसमें समिति सदस्यों व नवांकुर सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विकासखंड समन्वयक श्री कालुसिंह मंडलोई उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी देते हुए प्रस्फुटन समितियों की भूमिका, ग्राम विकास की योजनाओं, आजीविका संवर्धन तथा समाज में उनकी जिम्मेदारियों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर के, बी, मंसारे ने समितियो को अपने रिकार्ड संधारण, ठहराव प्रस्ताव पंजी, सदस्य पंजी, केशबुक, तथा कार्यक्रम आयोजन पंजी का संधारण करने के तरिके बताएं। विभिन्न विषयों, नशा मुक्ति, पर्यावरण जागरूकता, जैविक खेती, वन रोपणी पर बताया। मेंटर अनिल सेन ने शिक्षा का महत्व पर बताया कि गांव में कोई भी बालक बालिका शिक्षा से वंचित ना रहे। समिति सदस्यों को सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। सपना मोरे ने विचार व्यक्त करते हुए ग्रामीण विकास, आत्मनिर्भरता एवं सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्राम स्तर पर विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने और समितियों की क्षमता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। समाज सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर उप सरपंच दिपक मालाकार, सरपंच प्रतिनिधि गोरेलाल देवडा, पंचायत सचिव, मुस्तकिम खान, तथा जगन्नाथ, रमेश चक्रवर्ती, सचिन भाबर, अजय कोचले, श्रेया सोलंकी, ललित प्रजापत, दिनेश मालाकार, कविता यादव सहित पैतीस प्रतिभागियों को प्रशिक्षण सहभागिता प्रमाण पत्र बी सी कालुसिंह मंडलोई एवं अतिथियों के कर कमलों से प्रदान किए गए।

